



## एक नजर में

### आयुष्मान आरोग्य केन्द्रों में आज आयोजित होंगे स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**खण्डवा ।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता के मार्गदर्शन में नागरिकों को उनके घर के पास ही स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध कराने के लिए सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर - शहरी व ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक एवं उपस्वास्थ्य केंद्रों में 14 जुलाई सोमवार को आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। आयोजित शिविरों में चिकित्सा अधिकारी व सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण व जाँच कर निःशुल्क दवाईयाँ उपलब्ध कराई जायेंगी। इन शिविरों में गर्भवती महिलाओं की ए.एन.सी. की जाँच, जन्म से 5 वर्ष के शिशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण, 30 वर्ष से अधिक उम्र के नागरिकों की एनसीडी के तहत उच्च रक्तचाप, मधुमेह की जाँच व उपचार कर दवाईयाँ वितरित की जायेंगी। साथ ही उचित रैफरल सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। शिविर में टी.बी., दस्त रोग, निमोनिया, कुष्ठ रोग, खसरा की पहचान कर उपचार किया जायेगा। साथ ही जनभागीदारी से टी.बी. के नये मरीजों की खोज व जाँच उपचार, निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत टी.बी. रोगियों को फूड बास्केट उपलब्ध कराये जायेंगे।

### माँ दुर्गाधाम मंदिर में आयोजित हुई बैठक




**प्रत्येक श्रावण सोमवार दुर्गेश्वर शिव मंदिर में होगा शिवलिंग का मनमोहक श्रृंगार**

**खंडवा।** किशोर नगर जूनियर एलआईजी माँ दुर्गाधाम मंदिर स्थित दुर्गेश्वर शिव मंदिर में प्रत्येक श्रावण सोमवार को प्रातःकाल से ही महादेव स्वरूप शिवलिंग के जलाभिषेक पूजन हेतु श्रृध्दालुओं का ताता लगा रहता है। पर्व को लेकर क्षेत्र के रहवासियों की एक बैठक पं. सुधाकर चौरे की विशेष मौजूदगी में आयोजित हुई। यह जानकारी देते हुए प्रवक्ता निर्मल मंगवानी ने बताया कि बैठक में यह निर्णय लिया गया कि श्रावण माह के दौरान प्रत्येक सोमवार को संध्या समय मंदिर परिसर में शिवलिंग को मनमोहक रूप से श्रृंगार कर सजाया जायेगा। दीपक ताम्बट ने कहा कि प्रति श्रावण सोमवार मंदिर में ओम नमः शिवाय मंत्र का 108 बार संगीतमय जाप किया जाएगा। वही दुर्गाधाम मंदिर महिला मंडल की मातृशक्ति व्दारा रात्रि में भजनों की सुंदर संगीतमय प्रस्तुतियां दी जायेगी। आयोजित बैठक के दौरान दुर्गेश्वर शिव मंदिर के प्रेरणास्रोत दुष्यंत राठौर (लालू भाई) की दुर्घटना में आकस्मिक मृत्यु पर एक शोक सभा का आयोजन कर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर पं. सुधाकर चौरे दादा, दीपक ताम्बट, कौशल मेहरा, संजय पाठक, अखिलेश यादव, राधेश्याम राठौर, सुभाष लाड, दिनेश गाठे, दिनेश बरोले, शिवनारायण लाड, आशीष अग्रवाल, लालू रघुवंशी, अरविंद सूरज, मनोज राजपूत, नितिन राठौड़, निर्मल मंगवानी, जगदीश ओसवाल, महेंद्र चौहान, विलास पाटील, मुकेश राठौर, नेहा कटारे, मिली राठौर, नेहा, ज्योति मंगवानी, जया खांडेल, धानी चावड़ा, मीरा लाड, नीलम मेहरा, वंदना राठौर, कलाबाई यादव, माधुरी लाड, रंजीता चौहान, मिनाक्षी राईतेरे, डिम्पी, क्षेत्र रहवासी आदि सहित महिला मंडल की अनेक मातृशक्ति, बच्चे उपस्थित थे।

### आयुष्मान भारत योजना बनी जीवन रक्षक वरदान

**खंडवा ।** खालवा के ब्लॉक ऑफिस चौराहा निवासी रमजान खान अपने 15 वर्षीय पुत्र जीशान के लगातार बीमार रहने से चिंतित रहते थे। बीमारी के कारण जीशान अन्य बच्चों की तरह किसी भी खेल गतिविधियों में भाग नहीं ले पाता था, क्योंकि वह बहुत जल्दी थक जाता था और हाँफने लगता था। जीशान के माता-पिता उसे अस्पताल में डॉक्टर को दिखाने ले गए तो वहां डॉ. शैलेन्द्र राठौर और उनकी टीम ने जीशान का स्वास्थ्य परीक्षण कर परिजनो को इंदौर में हृदय रोग के विशेषज्ञ डॉक्टर को दिखाने की सलाह दी। परिजनों ने जीशान को इंदौर के मेंदाता हॉस्पिटल में हृदय रोग विशेषज्ञ को दिखाया और उसकी जांच करवायी। जहाँ चिकित्सकों ने जांच में जीशान के हृदय की नसों में सूजन, रक्त प्रवाह में कमी और हार्ट के वाल्व में समस्या बताई। जिसकी सर्जरी में अधिक खर्चा आना संभावित था। जीशान के पिता रमजान खान बस एजेण्ट का कार्य करते हैं। इतनी बड़ी सर्जरी कराने के लिए वे आर्थिक रुप से सक्षम नहीं थे। जीशान के पिता रमजान का पहले से ही आयुष्मान कार्ड बना हुआ था। जो कि उसके लिए जीवन रक्षक वरदान साबित हुआ। जीशान के पिता रमजान ने बताया कि उन्होंने अपने पुत्र को इंदौर के सेंट फ्रांसिस अस्पताल में 19 मई को भर्ती कराया, जहाँ उसकी स्वास्थ्य जाँच व परीक्षण करने के बाद 21 मई को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत चिकित्सकों व टीम के द्वारा जीशान की सफलतापूर्वक सर्जरी की गई। अब जीशान पूर्णतः स्वस्थ है। रमजान ने बताया कि बेटे जीशान के हार्ट का ऑपरेशन कराना उसके बस की बात नहीं थी, क्योंकि उसकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी और ऑपरेशन में लाखों का खर्च होना था। रमजान ने बताया कि यदि आयुष्मान भारत योजना का लाभ नहीं मिला होता, तो वह कैसे भी अपने बच्चे का ऑपरेशन नहीं करवा सकता था। इसके लिए रमजान और उसके परिवारजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का बार-बार आभार प्रकट करते हैं।

### आज श्रावण का प्रथम सोमवार



**ओंकारेश्वर ।** ज्योतिर्लिंग ओंकारेश्वर जी सवारी में विराजमान होकर नगर भ्रमण के लिए शाम 4.00 बजे निकलेंगे। पालकी में ओंकारेश्वर भगवान मंदिर से ढोल धमाका के साथ रवाना होंगे। भोले शंभू भोलेनाथ यह धुन लगे भक्त लोग आगे आगे चलेंगे। कोटी तीर्थ घाट पर विद्वान पंडितों द्वारा पवित्र नर्मदा जल से एवं पंचामृत स्नान वेद मंत्र उपचार के साथ कराया जाएगा। पूजन समाप्त होने के बाद आरती होगी, आरती के बाद पवित्र नर्मदा नदी में नौका विहार कराया जाएगा। दक्षिण तट पर श्री ममलेश्वर भगवान की पालकी भी घाट पर आएगी। पूजा अर्चन के बाद उन्हें भी नौका विहार कराया जाएगा। दोनों पालकियों को नौका विहार करने के बाद गो मुख घाट से रवाना होंगे। काशी विश्वनाथ बलवाड़ी पुराना बस स्टैंड एवं मुख्य मार्ग होते हुए जेपी चौक पर रात्रि 8.00 बजे पहुंचेगी। पुराने पुल को पार करके मुख्य बाजार से 10.00 बजे मंदिर पहुंचेगी। मार्ग में भक्त लोग गुलाल और गुलाब की पंखुड़ी उड़ाएंगे, सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं।

### वाहन चालकों से 2550/-रुपए वसूले

**खंडवा।** जिला खंडवा मे समस्त थाना प्रभारियों द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालकों के विरुद्ध बिना नंबर प्लेट, तीन सवारी, बिना हेलमेट, सीट बेल्ट ना लगाने वाले तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 07 वाहन चालकों के विरुद्ध एम.व्ही. एक्ट के तहत कार्रवाई की गई एवं समन शुल्क 2550/-रुपए वसूल किए गए है। उप पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा जिले के समस्त नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई है।

# गुरु पूजन महोत्सव एवं नागरिक अभिनंदन समारोह का आयोजन










**नवभारत न्यूज**

**ओंकारेश्वर।** तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर ग्राम कोठी में 13 जुलाई को महामहिम राष्ट्रपति के द्वारा पद्म भूषण से विभूषित वात्सल्य मूर्ति परम पूज्य दीदी मां साध्वी ऋतंभरा जी का गुरु पूजन महोत्सव के अंतर्गत नागरिक अभिनंदन समारोह आयोजित हुआ। विधि विधान के साथ दीदी मां का नागरिक अभिनंदन श्रद्धालुओं द्वारा किया गया।

समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि परमशक्ति पीठ, ग्राम-कोठी, ओंकारेश्वर के आयोजकत्व में 'गुरुपूजन महोत्सव एवं पूज्या दीदी माँ साध्वी ऋतम्भरा जी नागरिक अभिनंदन महोत्सव' मनाया गया।

उल्लेखनीय है कि 27 मई को भारत की महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के द्वारा सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु पूज्य दीदी माँ साध्वी ऋतम्भरा जी को 'पद्म भूषण' नागरिक सम्मान से अलंकृत किया गया है। इस उपलब्धि के लिए परम शक्तिपीठ वात्सल्य ग्राम के संयोजन में में गुरु पूजन के साथ दीदी मां का नागरिक अभिनंदन महोत्सव संपन्न हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दीदी मां के दर्शन कर उनका स्वागत अभिनंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। वात्सल्य ग्राम की संचालिका साक्षी चेतन दीदी ने बताया कि गुरु पूजन कार्यक्रम 13 जुलाई रविवार को प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक जयसवाल समाज ट्रस्ट के कोठी स्थित अतिथि भवन संपन्न हुआ, जहां वात्सल्य सेवा समिति द्वारा दीदी मां को पगड़ी और विशालकाय पुष्पमाला पहनाकर कर अभिनंदन किया गया।

समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि गुरु पूजन एवं नागरिक अभिनंदन समारोह में खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे ने भी दीदी मां ऋतम्भरा जी के दर्शन भेंटकर अभिनंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया एवं अभिनंदन महोत्सव में भी शामिल हुई।

कार्यक्रम मैं प्रवचन के माध्यम से उद्बोधन देते हुए दीदी मां ने गुरु की महिमा पर प्रकाश डालते हुए अत्यंत प्रभावी उद्बोधन दिया। दीदी मां ने कहा कि किसी साधक को सतगुरु का मिलना अत्यंत सौभाग्य की बात है। गुरु अनुशासन की छेनी से शिष्य को गढ़ता है। दीदी मां ने कहा कि जब रचनात्मक विचार व्यवहार में बदलते हैं तो परिवर्तन आता है। हमें प्रत्येक भारतवासी के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए समर्पण एवं निष्ठा के साथ प्रयास करना होंगे। दीदी मां ने भक्तों के समक्ष अपने गुरु परमानंद जी महाराज की कृपा और रामजन्म भूमि आंदोलन से जुड़े संस्मरण साझा किए। दीदी मां ने बताया कि उन्होंने 16 वर्ष की आयु में बिना किसी को बताए घर छोड़ा था। मन में वैराग्य का भाव लिए मैं बस में बैठ गई और रुड़की होते हुए हरिद्वार पहुंची। तत्पश्चात अमृतसर के एक आश्रम में सत्संग के दौरान मुझे अपने महान गुरु का साक्षात्कार हुआ। आश्रम में अनेक दैदीप्यमान महापुरुष मौजूद थे। उनके बीच मेरे गुरुदेव बैठे थे। मैंने देखते ही गुरुदेव के चरणों में माथा टेका और फिर उनके चरणों से मेरा माथा नहीं उठा। गुरुदेव ने मेरे माथे को स्पर्श किया और मैं भावसमाधि के ध्यान की गहराइयों में उतर गई। गुरुदेव ने मुझे संन्यास की दीक्षा दी और ऋतंभरा नाम दिया।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अखिल भारतीय सेवा प्रमुख पराग अभ्यंकर ने राम जन्म भूमि आंदोलन में दीदी मां के महती योगदान पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला और कहा कि दीदी मां के उद्घोष सौगंध राम की खाते हैं, मंदिर वहीं बनाएंगे ने संपूर्ण भारतवासियों को झकझोर दिया। दीदी मां की ओजस्वी वाणी सुनकर नौजवान जागे और अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ। महोत्सव के प्रारंभ में परमशक्ति पीठ की नन्हीं बालिकाओं ने राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रभावशाली प्रस्तुति दी।

इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक व विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल मेरठ व उत्तराखंड के क्षेत्र संगठन मंत्री सोहन सोलंकी, परमशक्ति पीठ की संचालिका साध्वी साक्षी चेतना दीदी, विधायक राजकुमार मेव, खरगोन भाजपा जिलाध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे, खंडवा विधायक कंचन तन्वे, विधायक सचिन बिरला, विधायक नारायण पंधाना विधायक छाया मोरै, आनंद केनाडकर, देवेंद्र शुक्ल, तिलोक पटेल, धर्मेंद्र बजाज, आशीष चटकेले, सुनील जैन, लक्ष्मी नारायण बिरला, राजपाल चौहान, रमेश बिरला, राकेश पाटीदार, हितेंद्र सोलंकी, जगदीश मोरन्या सहित बड़ी संख्या में आसपास एवं दूरस्थ प्रदेशों के श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## वृक्षारोपण अभियान के तहत न्यायाधीश कॉलोनी में पौधे लगाए गए

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा ।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देश अनुसार वृहद वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया जा रहा है। यह अभियान प्रकृति की रक्षा के लिए विधिक सेवा विषय पर आधारित है। खंडवा में इस अभियान के तहत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ममता जैन ने खंडवा नगर की न्यायाधीश कॉलोनी में फलदार तथा छायादार पौधे लगाए। इस दौरान न्यायाधीशगण द्वारा एक-एक पौधे लगाकर प्रकृति की रक्षा का संकल्प लिया गया।

इस दौरान विशेष न्यायाधीश मनोज कुमार मंडलोई, जिला न्यायाधीश अनिल चौधरी, आशीष प्रताप सिंह, अरविंद सिंह टेकाम एवं वीरेंद्र जोशी तथा पीयूष भावे सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सहित न्यायाधीशगण, जिला विधिक सहायता अधिकारी दिलावर सिंह, न्यायालय तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी गण एवं पैरा लीगल वॉलिंटियर्स उपस्थित रहे।



## जल संरक्षण, पौधारोपण और स्कूलों के परीक्षा परिणाम सुधारने पर विशेष ध्यान दें

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा । मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा ने गौरी कुंज सभागृह में आयोजित बैठक में जिले के सभी प्रधान पाठको, प्राचार्यो और जनशिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि वे अपने अपने क्षेत्र में जल संरक्षण, पौधारोपण और स्कूलों के परीक्षा परिणाम सुधारने पर विशेष ध्यान दें।**

उन्होंने कहा कि प्रत्येक विकास खंड में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग को लेकर प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले स्कूलों ओर उनके विद्यार्थियों को पुरुस्कृत किया जाएगा। उन्होंने शिक्षकों से कहा के वे स्कूलों के निरीक्षण के दौरान मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता का परीक्षण करें, और यदि कोई समस्या या शिकायत मिले, तो उसकी सूचना सीधे मुझे दें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि जिले की प्रत्येक शाला में एक स्मार्ट क्लास बनाने की कार्यवाही अगले एक वर्ष में पूर्ण कर ली जाए। उन्होंने सभी प्राचार्यों व जन शिक्षकों से कहा कि प्रदेश सरकार के 卐एक पेड़ मां के नाम卐 अभियान के तहत अपने-अपने स्कूलों में स्वयं भी पौधे लगाएं और बच्चों से भी लगवाएं।

जिला शिक्षा अधिकारी पी एस सोलंकी ने बैठक में कहा कि इस सत्र में भी विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम को व्यस्थित रूप से पूर्ण करने के लिए कार्ययोजना बनाई जा चुकी है। उन्होंने कहा कि गत वर्ष बोर्ड परीक्षा परिणाम में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। परीक्षा परिणाम में सुधार आगे भी जारी रहे यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर तैयार मासिक टेस्ट पेपर भी शालाओं को हर माह दिए जाएंगे। जिला शिक्षा अधिकारी श्री सोलंकी ने बैठक में निःशुल्क सायकल वितरण, निःशुल्क पाठयपुस्तक वितरण, पर्यटन क्विज़, ऑनलाइन पर्यावरण क्विज़, एक पेड़ मां के नाम, स्कूल चले अभियान, विद्याँजलि पोर्टल, नवभारत साक्षरता, शाला प्रवेश उत्सव, रेन वाटर हार्वेस्टिंग जैसे सभी अभियानों की समीक्षा की। बैठक में डाइट प्राचार्य केशव पाराशर ने अकादमिक पहलू पर आवश्यक जानकारी दी और संबोधित किया। बैठक दो चरणों में आयोजित की गई।

प्रथम चरण में खंडवा, पंधाना, पुनासा विकासखंड के 645 और द्वितीय चरण में हरसूद, छैगांव माखन, किल्लौद और खालवा विकासखंड के 615 प्रधानपाठक, प्राचार्य, जनशिक्षक ओर विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक शामिल हुए। बैठक में समन्वय संदीप जोशी ने किया और आभार एडीपीसी रमसा संगीता सोनवाने ने व्यक्त किया।



# 10 आरोपियों के विरुद्ध जुआ एक्ट की कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** जिले के विभिन्न थानों में 42 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। धारा 126/135 बीएनएसएस के तहत 29 प्रकरणों मे 35 अनावेदकों के विरुद्ध, धारा 170 बीएनएसएस के तहत 05 प्रकरण मे 07 अनावेदकों के विरुद्ध अनावेदकों के विरुद्ध कार्रवाई की गईहै। जिले में 18 अनावेदकों के विरुद्ध बाउंड ओवर की कार्रवाई की गई है । पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय के निर्देश पर 11 गिरफ़्तारी, 03 स्थाई वारंट जिले के विभिन्न थानों के द्वारा अलग-अलग न्यायालय के तामील किये गए।

थाना पंधाना के आरोपी दिगम्बर सोनवड़े पिता बालू सोनवड़े जाति कोली, उम्र 28 साल, निवासी प्लाट नम्बर 08 केशव नगर डिडोली थाना डिडोली सूरत के कब्जे से 500 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती 5000/- रूपये का जप्त किया गया। उक्त आरोपी के विरुद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। थाना कोतवाली के आरोपी नीरज पिता प्रहलाद फूलमाली उम्र 25 साल निवासी दादाजी वार्ड गणगौर गली संजय नगर खंडवा थाना पदमनगर जिला खंडवा को जिला कलेक्ट र खंडवा द्वारा जारी आदेश का उल्लंघन करते व अवैध मछली का परिवहन करते हुये पकडा जिसके कब्जे से 28 नग मछली कुल वजन 118 किलोग्राम कुल कीमती 11 हजार रूपये की जप्त की गई। उक्त आरोपी के विरुद्ध धारा 5 फिशरिज एक्ट व 223 बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई। अवैध शराब विक्रेताओ के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए थाना मांधाता के आरोपी धर्मेन्द्र पिता फत्तु मकवाने जाति भील उम्र 26 साल नि.पीपलीया बेडी के कब्जे से 15 लीटर कच्ची आथ भट्टी महुआ शराब कीमती 1500/-रूपये की जप्त की गई7 उक्त आरोपी के विरुद्ध धारा 34(ए) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

थाना मोघट रोड़ के आरोपीगण 1. बलराज पिता प्रेमसिंह नायक जाति बंजारा उम्र 44 साल निवासी स्मार्टसिटी थाना मोघट रोड जिला खंडवा 2. प्रमोद पिता दशरथ प्रसाद मिश्रा उम्र 46 साल निवासी आदर्श नगर थाना मोघट रोड जिला खंडवा 3. ताराचंद पिता श्रीधर खैराज जाति बलाही उम्र 58 साल निवासी कैलाश नगर थाना मोघट रोड जिला खंडवा हार जीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे थे जिनके कब्जे से 1500 रुपये नगदी व 52 ताश के पत्ते जप्त किये गये। आरोपीगण 1. पंकेश उर्फ पंकज पिता चंपालाल कास्डे जाति कोरकू उम्र 24 साल निवासी हरई थान चिचोली जिला बैतूल 2. बृज किशोर पिता पूनमचंद डोंगरे जाति बलाई उम्र 40 साल निवासी सोडलपुर थाना टिमरनी जिला हरदा, 3. अभिषेक पिता जगदीश कोगे जाति बलाई उम्र 23 साल निवासी चारवा थाना छिपावड़ जिला हरदा, 4. हरकेश पिता विष्णु प्रसाद सावनेर जाति बलाई उम्र 25 साल निवासी चारवा थाना छिपावड़ जिला हरदा हार जीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे थे जिनके कब्जे से 1050/-रुपये नगदी व 52 ताश के पत्ते जप्त किये गये। थाना मूंदी के आरोपी 1. नानकराम पिता किशोर, 2. मोतीराम पिता दयाराम, 3. राहुल पिता कमल तीनो नि. मूंदी को हार जीत का जुआ खेलते हुए पकडा जिनके कब्जे से 52 ताश पत्ते एवं नगदी 950 रू की जप्त की गई। उपरोक्त सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

थाना मोघट रोड के आरोपी लोकेश पिता भारत सिह अंकेल उम्र 27 साल निवासी चारवा थाना छीपावड जिला हरदा हाल सिंघाड तलाई जनता स्कूल के पास खण्डवा को सट्टा अंक लिखी पर्चिया लेते व देते पकडा जिसके कब्जे से 3 सट्टा अंक लिखी पर्ची व नगदी 380 रुपये जप्त किया गया। थाना जावर के आरोपी महेश पिता तुलसीराम यादव उम्र 31 साल निवासी ग्राम सुरगाँव बंजारी थानाजावर के कब्जे से सट्टा अंक लिखी पर्ची व लीड पेन जप्त किया गया। उपरोक्त सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 4(क) सट्टा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

**मंत्री बच्चों से बोले** — छात्राएं सिर्फ पढ़ाई पर ध्यान दें,उनकी सभी समस्याओं का निराकरण सरकार करेगी

# मंत्री विजय शाह ने छात्राओं के साथ बैठकर भोजन किया,उनकी समस्याएं सुनीं

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा । मध्यप्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री विजय शाह ने रविवार को खालवा विकासखंड के ग्राम जामनी गुर्जर स्थित कन्या शिक्षा परिसर में छात्राओं के साथ बैठकर भोजन किया और उनकी समस्याएं सुनी। इससे पूर्व उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे केवल पढ़ाई की चिंता करें उनकी सभी समस्याओं का निराकरण प्रदेश सरकार करेगी।**

इस दौरान मंत्री ने कहा कि जिले के तीनों कन्या शिक्षा परिसरों में ब्लैक बोर्ड या ग्रीन बोर्ड के स्थान पर डिजिटल बोर्ड स्थापित कराए जाएंगे, और कन्या शिक्षा परिसरों में स्मार्ट क्लास की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी । उन्होंने कहा कि छात्राओं को रोजगार मूलक प्रशिक्षण दिलाया जाएगा ताकि वह पढ़ाई के बाद स्वयं का व्यवसाय स्थापित कर सकें और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें।

मंत्री ने कहा कि ग्राम आवलिया में संस्कृति व संस्कार संबंधी प्रशिक्षण का पाठ्यक्रम भी शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कन्या शिक्षा परिसर के लिए बड़े वाहनों की व्यवस्था की जाएगी, ताकि छात्राओं को आसपास के दर्शनीय स्थल तथा आसपास के उच्च शिक्षण संस्थानो का भ्रमण भी कराया जा सके।



उन्होंने कहा कि ग्राम सेल्दा में खेल प्रशिक्षण परिसर स्थापित किया जाएगा, जिसमें छात्राओं को उच्च स्तर की खेल सुविधाएं उपलब्ध होगी। यहां आदिवासी छात्राओं की खेल प्रतिभा को तराशा जाएगा। इस खेल परिसर में आदिवासी बहुल गांव की छात्राएं अपनी खेल प्रतिभा को और निखार सकेंगी।

मंत्री ने इस अवसर पर छात्राओं से कहा कि अनुसूचित जनजाति वर्ग के मध्य प्रदेश के ऐसे आईएएस अधिकारी जो कि सरकारी छात्रावास में रहकर पढ़ाई कर चुके हैं, उन्हें सरकारी छात्रावासों के भ्रमण पर भेजा जाएगा ताकि वे छात्रवासी वर्ग के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित कर सकें। मंत्री ने अधीक्षक को निर्देश दिए कि छात्राओं की उनके माता-पिता से मोबाइल फोन के माध्यम से हर सप्ताह बात कराते रहें, ताकि यदि कुछ समस्या या परेशानी हो तो वे अपने माता-पिता को बता सकती हैं।

इस दौरान सहायक आयुक्त संतोष शुक्ला सहित अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे।



### छात्राओं की सुविधाओं के लिए शालिनी एप

मंत्री ने बताया कि आदिवासी वर्ग की छात्राओं की सुविधाओं के लिए शालिनी एप प्रदेश सरकार ने तैयार कराया है, जिसमें कि छात्रावासों में प्रवेश या छात्रवृत्ति भुगतान जैसी सभी समस्याओं के निराकरण की सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। उन्होंने कहा कि जिन विद्यार्थियों को छात्रावास में एडमिशन नहीं मिल पाता है, उन्हें गांव से शहर जाकर पढ़ने के लिए कमरा किराए पर लेने के लिए सरकार आर्थिक मदद दे रही है। उन्होंने सहायक आयुक्त को निर्देश दिए कि कन्या शिक्षा परिसर की छात्राओं को पॉलिटेक्निक कॉलेज और आईटीआई का भी भ्रमण कराया जाए, ताकि वे तकनीकी शिक्षा और रोजगार मूलक पाठ्यक्रम के बारे में जान सकें ।